卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 257 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦24 जून 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in



GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur


## युवक ने पांच लोगों की हत्या कर खुद को भी गोली से उड़ाया

### शादी की खुशियां मातम में बदली,दुल्हा दुल्हन की भी हत्या,तीन घायल



मैनपुरी (उद ब्यूरो)। यूपी के मैनपुरी जिले से सनसनीखेज वारदात सनसनी फैल गयी। यहां घर में सो रहे पांच लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी गयी। हत्या के बाद आरोपी ने खुद भी आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार, मैनपुरी के किशनी थाना क्षेत्र के गांव गोकुलपुरा अरसारा में शनिवार की सुबह एक परिवार में पांच लोगों के सामूहिक हत्याकांड से पूरा इलाका दहल गया। सूचना मिलने के बाद आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पता चला है कि गांव के रहने वाले शिववीर सिंह ने अपने दो भाई, बहनोई, भाई की नवविवाहित पत्नी और दोस्त की बंके से काटकर हत्या कर दी उसके बाद खुद भी गोली मारकर खुदकुशी कर ली। तीन घायल लोगों को अस्पताल भेजा गया। मौके पर कई थानों का फोर्स पहुंची है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। हत्याकांड के कारणों की पुलिस जांच कर रही है। बताया गया है कि गांव गोकुलपुर अरसारा निवासी (शेष पृष्ठ सात पर)

## बेटा नहीं होने पर पिता ने दो बेटियों को मौत के घाट उतारा

देहरादून (उद संवाददाता)। बेटा नहीं होने से नाराज पिता ने दो मासूम बेटियों की गला दबाकर हत्या कर दी और फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। उसके बिहार भागने की आशंका जताई जा रही है। घटना डोईवाला कोतवाली क्षेत्र की केशवपुरी बस्ती की है। कोतवाली प्रभारी राजेश साह ने बताया, शुक्रवार रात करीब साढ़े आठ बजे पुलिस को सूचना मिली कि वहां एक घर में दो बच्चियां मृत मिली हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की और शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया। बच्चियों की पहचान साढ़े तीन वर्षीय आंचल और डेढ़ वर्षीय अनुषा पुत्री जितेंद्र साहनी निवासी दरभंगा बिहार के रूप में हुई है। जितेंद्र यहां कबाड़ बीनने का काम करता है। इन दिनों वह दोनों बेटियों और मां दुर्गा देवी के साथ यहां रह रहा था, जबकि उसकी पत्नी रीना झगड़े के कारण घर छोड़कर कहीं चली गई थी। जितेंद्र और उसकी मां शुक्रवार को भी काम पर गए थे। रात को जब आरोपी की मां दुर्गा देवी घर वापस आईं तो अंदर का नजारा देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। पुलिस के अनुसार, बच्चियों के गले पर निशान पाए गए हैं। प्रथमदृष्टया आशंका जताई जा रही है कि गला दबाकर उनकी हत्या की गई है। पड़ोस में रहने वाली बच्चियों की नानी आशु (शेष पृष्ठ सात पर)

## सीबीआई जांच के घेरे में उत्तराखंड के 'पुराने चावल'

### बाहर आया स्टिंग ऑपरेशन का जिन, सीबीआई कोर्ट ने दी वॉइस सैंपल लेने की अनुमति

■ अर्श

देहरादून। सूबे की राजधानी देहरादून में उत्पादित होने वाला बासमती चावल इन दिनों वैश्विक सुर्खियां बटोर रहा है ।अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विगत दिनों बाईडेन दंपत्ति को उत्तराखंड का मशहूर बासमती चावल गिफ्ट किया है। प्रधानमंत्री के इस कदम से उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इस कदर गदगद हुए कि उन्होंने बकायदा एक ट्वीट कर प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने अपने ट्वीट में लिखा है कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने उत्तराखंड में उत्पादित होने वाले प्रसिद्ध लंबे दाने के चावलों को अमेरिका के राष्ट्रपति जोबाईडेन जी को उपहार स्वरूप भेंट किए हैं। आदरणीय प्रधानमंत्री जी का उत्तराखंड के प्रति विशेष लगाव है ।आज उन्होंने उत्तराखंड के किसानों और समस्त प्रदेशवासियों को गौरवान्वित महसूस कराते हुए देवभूमि उत्पादित लंबे चावल उत्तराखंड को विश्व पटल पर एक नई पहचान दी है। समस्त प्रदेश वासियों की ओर से कोटि-कोटि आभार आदरणीय प्रधानमंत्री जी! बताना होगा कि उत्तराखंड में उत्पादित होने वाला बासमती चावल अपनी लंबाई एवं विशिष्ट सुगंध के चलते देशभर में पाए जाने वाली चावल की तमाम किस्मों के मध्य एक खास स्थान रखता है। कहा तो यह है जाता है कि बासमती चावल की इस किस्म को अफगानिस्तान से उत्तराखंड लाया गया, लेकिन सुगंधित बासमती चावल की किस्म अफगानिस्तान से लाए जाने वाली थ्योरी से इतर भी,कई ऐतिहासिक जनश्रुतियां उत्तराखंड में प्रचलित है, जिनमें यह माना जाता है कि विशिष्ट खुशबू वाले इस बासमती चावल की उत्पत्ति उत्तराखंड की धरती पर ही हुई । इस मान्यता पर विश्वास करने वाले इतिहासकारों का मानना है कि उत्तराखंड में 16 वीं सदी के कालखंड में ही बासमती का जिक्र मिल जाता है। कहा जाता है कि सिरमौर के राजा मौलीचंद्र एवं गढ़वाल के राजा मानशाही के बीच बासमती की वजह से युद्ध भी हुआ था। यह भी कहा जाता है कि बासमती सोलवीं सदी में बद्रीनाथ में भोग में चढ़ाई जाती थी ।इसका जिक्र पावड़ों ,लोक कथाओं, जागरों और लोकगीतों में भी मिलता है। बहरहाल ऐसे समय जबकि उत्तराखंड का बासमती चावल वैश्विक स्तर पर अपनी खुशबू बिखेर रहा है,ऐन उसी समय उत्तराखंड के कुछ 'पुराने सियासी चावल' मसलन ,सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, हरक सिंह रावत, कांग्रेस विधायक मदन सिंह बिष्ट व निर्दलीय विधायक उमेश कुमार पर सीबीआई जांच का घेरा अब तंग होने लगा है। जाहिर है कि यदि सीबीआई की जांच सही दिशा में प्रगति करने पाई तो उत्तराखंड के इन सियासी दिग्गजों की राजनैतिक खुशबू उड़ जाने की पूरी संभावना है। वह इसलिए क्योंकि वर्ष 2016 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार के दौर में राजनीतिक भूचाल लाने वाले बहुचर्चित स्टिंग ऑपरेशन के मामले में सीबीआई जांच का जिन्न एक बार फिर बोतल से बाहर आ गया है। सीबीआई कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, पूर्व मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत, कांग्रेस विधायक मदन सिंह बिष्ट और स्टिंग ऑपरेशन के सूत्रधार तत्कालीन पत्रकार एवं वर्तमान निर्दलीय विधायक उमेश कुमार के वॉयस सैंपल लेने के लिए नोटिस जारी करने के आदेश दिए हैं। देहरादून में विशेष न्यायाधीश सीबीआई धर्मेंद्र सिंह अधिकारी की अदालत में इस मामले की सुनवाई 20 जून को हुई ।इस दौरान सीबीआई की ओर से अभियोजन अधिकारी सियाराम मीना और सीबीआई इंस्पेक्टर सुशील कुमार वर्मा ने अदालत में एक (शेष पृष्ठ सात पर)






## धोखाधड़ी के 6 आरोपियों पर लगाई गैंगस्टर

रामनगर(उद संवाददाता) ।शनिवार को कोतवाली पुलिस ने राम नगर व आसपास के क्षेत्रों में जमीन के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी कर ठगी करने के आरोप में दो अलग-अलग मामलों में 6 लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है घटना के संबंध में जानकारी देते हुए कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ इस प्रकार के कई मामले पूर्व में दर्ज हुए हैं उन्होंने (शेष पृष्ठ सात पर)

## हादसे में एक युवक की मौत,दूसरा गंभीर

### हिम्मतपुर डोटियाल में टैंपो और बाइक की हुई जोरदार भिड़ंत



रामनगर(उद संवाददाता)। शनिवार की सुबह रामनगर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम हिम्मतपुर डोटियाल क्षेत्र में एक टेंपो और बाइक की हुई आमने-सामने की जबरदस्त भिड़ंत में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए रामनगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया जहां एक बाइक सवार को मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में पूर्व ब्लाक प्रमुख संजय नेगी ने बताया कि यह दुर्घटना उनके घर से कुछ दूरी पर ही घटी थी सूचना मिलने पर वह मौके पर अपने साथी के साथ पहुंचे लेकिन तब तक 108 एंबुलेंस भी घटनास्थल पर पहुंच गई थी। उन्होंने बताया कि दोनों बाइक सवार घायलों को 108 की मदद से उपचार के लिए अस्पताल भेजा था जहां चिकित्सकों ने प्रदीप को मृत घोषित कर दिया तथा गंभीर रूप से घायल रवि को प्राथमिक उपचार(शेष पृष्ठ सात पर)

## संदिग्ध हालातों में फंदे से लटकी मिली विवाहिता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। संदिग्ध हालातों में एक विवाहिता घर पर फंदे से लटकी मिली। आनन फानन में उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मूल रूप से आंवला बरेली निवासी अजय दिवाकर सिडकुल की कंपनी में काम करता है। वह परिवार के साथ आजादनगर ट्रांजिट कैम्प में किराये के मकान में रह रहा है। अजय के मुताबिक सुबह पांच बजे जब उसकी आंख खुली तो पत्नी लक्ष्मी कमरे में नहीं थी बगल वाले कमरे में जाकर देखा तो अजय दिवाकर की पत्नी 33 वर्षीय लक्ष्मी साड़ी के फंदे से लटकी मिली। सूचना पर (शेष पृष्ठ सात पर)

## स्कूल में भड़की आग, लाखों की क्षति



रूद्रपुर। गंगापुर रोड शास्त्री नगर स्थित एक निजी स्कूल में आग लगने से हड़कम्प मच गया। सूचना पर दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग को काबू किया। अग्निकाण्ड में लाखों की क्षति का अनुमान है। जानकारी के अनुसार शास्त्री नगर शिमला बहादुर में स्थित डा. डीएन ममोरियल पब्लिक स्कूल में शुक्रवार शाम अचानक आग लग गयी। जिस वक्त आग लगी समय स्कूल में कारपेंटर और पेंटर काम कर रहे थे। धुंआ उठता देख काम कर रहे श्रमिकों कें हड़कम्प मच गया। उन्होंने सूचना प्रबंधक श्रीमती मधुबाला को दी। तब तक आग की लपटें तेज हो चुकी थी। स्टोर रूम में काफी सामान होने से आग तेजी से बेकाबू (शेष पृष्ठ सात पर)

## होटल रिसेप्शनिस्ट की आपत्तिजनक फोटो वायरल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पति की मृत्यु के पश्चात एक महिला द्वारा पति की महिला मित्र की आपत्तिजनक फोटो वायरल करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता ने मामले में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। पीड़िता का कहना है कि वह जिला नैनीताल की निवासी है और एक होटल में रिशेप्सन पर काम करती है। काम के ही दौरान उसके संबन्ध साथी मित्र आकाश के साथ रहे थे। इसी दौरान आकाश ने उसकी कुछ आपत्ति जनक फोटो बना ली थीं। कुछ समय पहले ही आकाश की इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी है। उसकी मृत्यु के उपरान्त उसका मोबाईल उसकी पत्नी ममता के पास ही है। जिसके द्वारा होटल मेनेजर और रिशेप्सन के दोनो नम्बर पर आकाश के नम्बर से उसकी आपत्तिजनक फोटो को भेज दिया। पीड़िता का कहना है अगले दिन जब वह आफिस गई तो उसे पता चला कि उसकी आपत्ति जनक फोटो वायरल की गई है। आरोप है उससे पहले उसे आपत्ती जनक फोटो वायरल करने की धमकी दी गई थी तथा कहा गया आकाश ने जितने पैसे दिए है वो वापिस (शेष पृष्ठ सात पर)




॥ ਜਿਉ ਜਿਉ ਤੇਰਾ ਹੁਕਮੁ ਤਿਵੈ ਤਿਉ ਹੋਵਣਾ ॥
॥ ਜਹ ਜਹ ਰਖਹਿ ਆਪਿ ਤਹ ਜਾਇ ਖੜੋਵਣਾ ॥

**अंतिम अरदास**

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्यनीय माताजी **सरदारनी अजीत कौर ( पत्नी स्व. सरदार सतनाम सिंह ग्रोवर )** का निधन दिनांक 20 जून 2023 को हो गया है, उनकी आत्मिक शांति हेतु **कीर्तन एवं अंतिम अरदास दिनांक 25 जून 2023 दिन रविवार** को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक गुरूद्वारा साहिब दशमेश नगर, आवास विकास, रूद्रपुर में होगी।

**शोकाकुल परिवार**

डा. अमनदीप सिंह ग्रोवर-अंजु अमनदीप ग्रोवर (पुत्र-पुत्रवधू)
डा. परमजीत सिंह ग्रोवर-सुरप्रीत कौर (पुत्र-पुत्रवधू)
श्रीमती बलजीत कौर(पुत्रवधु) पत्नी स्व. स. हरप्रीत सिंह ग्रोवर
एवं समस्त ग्रोवर व धमीजा परिवार

निवास-डी1/डी 2-15,सिविल लाईन्स रुद्रपुर,99904-27575,9456384240

# सड़कों को गुणवत्तायुक्त और गड्ढामुक्त बनायें : पाण्डेय

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सचिव लोक निर्माण, औद्योगिक विकास, औ0वि0 (खनन), आयुष एवं आयुष विभाग डॉ.पंकज कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में लोक निर्माण विभाग के राज्य सैक्टर तथा एनएच/एनएचएआई द्वारा किये जा रहे कार्यो की समीक्षा की। उन्होने कार्यदायी संस्थान के अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि जो भी सड़क के निर्माण कार्य किये जा रहे है उसे गुणवत्तायुक्त समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नही किया जायेगा इसका विशेष ध्यान रखे। उन्होने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि जिन सड़क की ज्यादा जरूरत है उसको प्राथमिता के आधार पर निर्माण कार्य पूर्ण करान सुनिश्चित करें। उन्होने कार्यदायी संस्थान के अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जिन सड़कों के निर्माण की मंजूरी मिल गयी है उनकी टेण्डर प्रक्रिया आदि को तीन माह के भीतर पूर्ण करते हुये बरसात के बाद निर्माण कार्य प्रारम्भ कर समय से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अन्य प्रदेशों से उत्तराखण्ड में आने वाले लोगों को लगना चाहिये कि हमारे प्रदेश की सड़कें अच्छी व गुणवत्तायुक्त है। उन्होने कहा कि पर्यटन की दृष्टिगत भी अच्छी सड़कों का होना महत्वपूर्ण है। उन्होने कहा कि कार्य करने में कही कोई परेशानी उत्पन्न हो रही है तो उसे तत्काल अवगत कराये ताकि समय से समस्या का सामाधान कर निर्माण कार्य समय से पूर्ण हो सकें। उन्होने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुये कहा कि सड़कों को गड्ढामुक्त करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि यदि कही सड़क बनानी है तो



उसको प्राथमिकता के आधार पर प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करें। उन्होने एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि गदरपुर वाईपास में सड़क में कुछ जगहो पर सड़क धस गयी है उसका यदि तकनिकी जांच की आवश्यकता है तो तकनिकी जांच कराकर मरम्मत कराना सुनिश्चित करें। उन्होने एनएचएआई के अधिकारियों से कहा कि रूद्रपुर में बाईपास का जो प्रस्ताव बनाया जा रहा है उसको जिलाधिकारी के साथ बैठक कर उसकों रिंग रोड के अनुसार प्रपोजल तैयार करें। उन्होने कहा कि किच्छा में खुरपिया फार्म में अनेकों विकास कार्य प्रस्तावित है उसको ध्यान में रखते हुये लालकुआं रोड का विस्तारीकरण का प्रस्ताव बनाये ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि यदि कही पर सड़क विस्तारीकरण का कार्य किया जाना है तो जिलाधिकारी के साथ बैठक कर प्रपोजल तैयार कर प्रस्तुत करें। एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया कि रूद्रपुर के बाईपास के निर्माण में दो जागह रेलवे क्रासिंग पर आरओबी व काशीपुर में एक जगह आरओबी बनायी जायेगी जिसके लिये रेलवे विभाग से प्रमिशन हेतु कार्यवाही गतिमान है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राज्य सैक्टर के अन्तर्गत 42 सड़कों का प्रस्ताव बनाकर शासन को प्रेषित कर दिया गया है। इस अवसर पर प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, परियोजना निदेशक एनएचएआई विकास मित्तल, अधीक्षण अभियंता महिलाप सिंह रावत, अरूण कुमार, मोहन चन्द्र पलड़िया, अधिशासी अभियंता विनोद प्रसाद डोबरियाल, उप निदेशक खनन दिनेश कुमार आदि उपस्थित थे।

# विधायक ने मलिक कालोनी में किया सीसी मार्ग का लोकार्पण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। वार्ड 31 मलिक कालोनी में विधायक निधि से स्वीकृत लालराम शंखवार के घर से सरदार जी खालसा की दुकान तक सीसी रोड के निर्माण कार्य का विधायक शिव अरोरा ने लोकार्पण किया। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा उनका विधानसभा में लगातार प्रवास चल रहा है। ताबातोड़ विकास कार्य के शुभारंभ किये जा रहे हैं । प्रदेश की पुष्कर धामी सरकार विकास को लेकर सदैव तत्पर है और धामी सरकार के नेतृत्व में विकास का पहिया तेज गति से दौड़ रहा है। विधायक अरोरा ने कहा मलिक कालोनी में यह रोड जिस पर बरसात के कारण जलभराव की स्थिति हो जाती थी इसके निर्माण को लेकर वार्ड वासियों ने अवगत कराया था जिसका लोकार्पण कर



आमजन को यह मार्ग समर्पित कर दिया गया है। विधायक ने कहा विकास कार्य में कोई कमी नही आने दी जाएगी और तेज गति से क्षेत्र में विकास कार्य कराये जायेगे । उनका प्रयास है रुद्रपुर क्षेत्र को विकास मॉडल के रूप में विकसित करना जो आने वाली पीढ़ियों के लिये एक सौगात हो जिससे हमारी युवा पीढ़ी को एक अच्छा सुविधाओं वाला वातवरण मिले। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता वेद ठुकराल, पार्षद सुनीता मुंजाल, विक्की घई, लालराम,नरेश पाहुजा, माधुरी शर्मा, मोहित कक्कड़, अनिता ग्रोवर, तजेंद्र घई, वीरेंद्र शर्मा, मनोहर लाल,संजू छाबड़ा, राजेश पप्पल, मयंक कक्कड़, मनोज मदान, सोनू गांधी, विकास कक्कड़, मोहित चड्डा, सोनू वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# मुख्य मार्ग में बना गड्ढ़ा हो सकता है जानलेवा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। काशीपुर बाईपास मार्ग पर गुरूनानक बालिका इंटर कालेज के समीप बालाजी द्वार के समक्ष सड़क के बीचों बीच बना गड्ढ़ा कभी भी बड़े हादसे की वजह बन सकता है। इस मार्ग पर से होकर तमाम जन प्रतिनितिधियों के साथ ही प्रशासनिक तथा विभागीय अधिकारियों का आना जाना लगा रहता है। आश्चर्य की बात तो यह है कि उन्हें यह गड्ढा नजर नहीं आ रहा। जबकि इस मार्ग पर से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में छोटे बड़े वाहन होकर गुजरते हैं। नो इंट्री



के दौरान भारी वाहन भी यहां से होकर जाते हैं। इस मार्ग पर कई स्कूल कालेज, होटल सहित सैकड़ों शोरूम मौजूद हैं। इतना ही नहीं अनेक कालोनियों के निवासी इस मार्ग पर से होकर जाते हैं। पूर्व में इस गड्ढ़े के कारण कई दुर्घटनायें भी घटित हो चुकी हैं। स्कूल खुलने एवं छुट्टी के समय अत्यधिक भीड़ होने के कारण यातायात पूरी तरह से बाधित रहता है ऐसे में इस गड्ढे के कारण कभी भी बढ़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। लेकिन जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की खामोशी इस बात को जाहिर कर रही है कि उन्हें आम जनता की कोई परवाह नहीं है। इस गड्ढ़े में बरसात का पानी जमा हो जाने से यह जानलेवा साबित हो सकता है।

# असम के मुख्यमंत्री के खिलाफ कोर्ट में बयान दर्ज

## कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता डॉ गणेश उपाध्याय ने दाखिल किया परिवाद,किच्छा में विस चुनाव प्रचार के दौरान दिया था बयान

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। असम के मुख्यमंत्री द्वारा कांग्रेसी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी मामले पर उधम सिंह नगर जिला एवं सत्र न्यायालय, रुद्रपुर में एसीजेएम तृतीय की कोर्ट में डा. गणेश उपाध्याय द्वारा दाखिल परिवाद पर सुनवाई के बाद गवाह महिपाल सिंह बोरा व ओमप्रकाश के भी बयान दर्ज कर लिए हैं। दाखिल परिवाद के अनुसार असम के मुख्यमंत्री हिमता विसवासर्मा द्वारा वर्ष 2022 में उत्तराखण्ड विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान किच्छा में हुई जनसभा को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता डॉ गणेश उपाध्याय ने एसीजेएम नदीम अहमद , जिला एवं सत्र न्यायालय, रुद्रपुर की कोर्ट में परिवाद दाखिल किया गया था। दाखिल परिवाद पर डॉ गणेश उपाध्याय के बयान दर्ज होने के बाद गवाहों के भी बयान दर्ज हो चुके हैं । उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान असम राज्य के मुख्यमंत्री श्री हिमता बिसवासर्मा ने किच्छा नगर में स्थित तहसील कार्यालय के सामने इन्द्रा गांधी मैदान में 11 फरवरी 2022 को एक राजनीतिक दल के उम्मीदवार का प्रचार करते हुए दिन में लगभग 1 बजे के आसपास एक सभा को सार्वजनिक रूप से सम्बोधित किया। हिमता बिसवासर्मा मुख्यमंत्री द्वारा अपने सम्बोधन में कांग्रेसी नेता व तत्कालीन सांसद राहुल गांधी का नाम लेकर पूर्ण विद्वेष भावना से ग्रसित होकर शब्दों आप कौन से पिता के बेटे है, हमने प्रूफ मांगा का उद्बोधन किया तथा हिमता बिसवासर्मा का यह सम्बोधन प्रत्यक्ष रूप से भी राहुल गांधी की माता एवं सांसद श्रीमती सोनिया गांधी के चरित्र के प्रति लांछन लगाने वाला उद्बोधन है। कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी का चरित्र हनन किया गया है। यह निश्चित रूप से यह सूचना एवं प्राद्योगिकी कानून के प्राविधानों का दुरूपयोग भी है। समाज के सभ्य लोगों की भावनाएं आहत हुई है। उन्होंने माननीय न्यायालय एसीजेएम तृतीय कोर्ट में असम के मुख्यमंत्री हिमता विसवासर्मा के खिलाफ दाखिल परिवाद में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की। मामले में सुनवाई करते हुए माननीय न्यायालय एसीजेएम तृतीय के द्वारा गवाह महिपाल सिंह बोरा व ओम प्रकाश के भी बयान दर्ज कर लिए गए ।

# विद्युत चोरी में तीन के खिलाफ रपट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विद्युत विभाग की विजिलेंस टीम ने औचक निरीक्षण में प्रीत विहार में तीन घरों में विद्युत चाोरी के मामले पकड़े। भवन स्वामियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। अन्शुल मदान उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण उपखण्ड रूद्रपुर प्रथम साथी विभागीय कर्मियों पारूल कुमार अवर अभियन्ता भदईपुरा, यूनुस अली लाईन कर्मी, शरद चौधरी पुलिस निरीक्षक सतर्कता ईकाई कुमांऊ क्षेत्र हल्द्वानी के साथ गत दिवस प्रीत विहार में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान गुलवेज पुत्र मुन्ने खान निवासी प्रीत विहार, प्रवेश गुप्ता पत्नी अनिल गुप्ता निवासी प्रीत विहार कालोनी तथा नीरवती पत्नी गेदन लाल निवासी प्रीत विहार कालौनी के भवनों में विद्युत चोरी के मामले पकड़े गये। टीम ने मौके पर केबल कब्जे में ले ली। उक्त सभी भवन स्वामियों के विरूद्ध विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज करा दिया गया है।

# उत्तराखंड में तीन दिन के लिए भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी

देहरादून।उत्तराखंड में मौसम विज्ञान विभाग ने 24 से 27 जून तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसके मद्देनजर राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की ओर से जिलों को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इसके तहत सभी लाइन विभागों के अधिकारी-कर्मचारी 24 घंटे अलर्ट रहेंगे। इस दौरान कोई भी कर्मचारी और अधिकारी अपना मोबाइल फोन स्विच ऑफ नहीं करेगा। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के संयुक्त सचिव व ड्यूटी ऑफिसर विक्रम सिंह यादव की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, राज्य में अगले चार दिनों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने, बहुत तीव्र से अत्यधिक तीव्र बौछारें पड़ने के साथ भारी बारिश हो सकती है। तेज हवाएं भी चल सकती हैं। इसके लिए सभी लाइन विभागों के अधिकारी कर्मचारी इस दौरान विशेष एहतियात बरतेंगे। आईआरएस प्रणाली के नामित सभी अधिकारी एवं विभागी नोडल अधिकारी हाई अलर्ट पर रहेंगे। किसी भी मोटर मार्ग के बाधित होने पर संबंधित विभाग तुरंत उसे खोलने की कार्रवाई करेंगे। सभी राजस्व उपनिरीक्षक, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी अपने क्षेत्रों में बने रहेंगे। विद्यालयों में भी विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। उत्तराखंड में मौसम के तेवर तल्ख होने लगे हैं। प्रदेशभर में मानसून दस्तक दे सकता है जबकि दो दिन से बादलों ने डेरा डाल लिया है। आज से तीन दिन भारी वर्षा को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार देहरादून व नैनीताल समेत छह जिलों में भारी वर्षा व ओलावृष्टि के साथ झोंकेदार हवाएं चलने की चेतावनी दी गई है। इसके साथ ही दो से तीन दिन में प्रदेश के कुछ हिस्सों में मानसून दस्तक दे सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार प्रदेश में शनिवार को गरज-चमक के साथ कई स्थानों पर तीव्र बौछारों के एक से दो दौर और झोंकेदार हवाएं चलने की आशंका है। देहरादून, उत्तरकाशी, नैनीताल, टिहरी, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में अत्यंत भारी वर्षा हो सकती है। साथ ही कहीं-कहीं 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की आशंका है। मौसम की विभाग की ओर से तीन दिन के लिए रेड अलर्ट जारी कर सभी जिलों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार दक्षिण पश्चिम मानसून उड़ीसा, बंगाल व झारखंड से आगे बढ़ता हुआ उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में पहुंच चुका है। जबकि दो दिन में मानसून के छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों और उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में पहुंच सकता है।

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

जगदीश कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड, गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने शादी के बाद अपना नाम लता त्रिपाठी से बदलकर लता झाम पत्नी संजीव झाम रख लिया है। भविष्य में मुझे लता झाम पत्नी संजीव झाम के नाम से ही जाना, पहचाना, लिखा व पढ़ा जाए।
-लता झाम,निवासी-74/2/19 माडल कालोनी, निकट कोलम्बस स्कूल रुद्रपुर, जिला उधमसिंहनगर

# मंजू कैड़ा फ्लोरेंस नाईटिंगेल अवॉर्ड से सम्मानित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जवाहर लाल नेहरु जिला अस्पताल की नर्सिंग अधीक्षक मंजू कैड़ा को विगत दिवस दिल्ली में आयोजित समारोह में फ्लोरेंस नर्सिंग अधीक्षक मंजू कैड़ा को फ्लोरेंस नाइटिंगेल अवार्ड से सम्मानित किया गया। नर्सिंग अधीक्षक मंजू कैड़ा को कोरोना महामारी के दौरान कोविड अस्पताल का कुशलता से प्रबंधन, कायाकल्प योजना और तंबाकू उन्मूलन के विरुद्ध अभियान में उनकी सराहनीय भूमिका के लिए राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने यह पुरस्कार दिया। रुद्रपुर जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आरके सिन्हा ने कहा कि प्रदेश के लिए गर्व की बात है। मंजू कैड़ा के सम्मानित होने पर जिला अस्पताल प्रबंधक डॉ. अजयवीर सिंह, डा. प्रवीण श्रीवास्तव, डा. एसके गोस्वामी, डा. आरडी भट्ट, रमेश जोशी, फार्मेसिस्ट बीएन बेलवाल, एचसी पोखरिया, सीआर आर्य, डीके जोशी, जेएस रौतेला, जेएल चौधरी, कैलाश जोशी, महेंद्र चौधरी, पूनम वर्मा, पुनीत माथुर, रोहित सक्सेना आदि ने बधाई दी।






## चन्द्र देव मंदिर का स्थापना दिवस मनाया

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा किच्छा रोड स्थित कुष्ठ रोगी आश्रम के पास श्री चंद्र देव मंदिर के स्थापना दिवस कार्यक्रम में सम्मिलित होने पहुंची , जहां



उन्होंने भगवान चंद्र देव मंदिर में पूजा अर्चना की , और लंगर में प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर श्री चंद्र देव मंदिर समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने श्रीमती शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा का स्वागत किया।

## नशे के खिलाफ लोगों को किया जागरूक

गदरपुर(उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे जागरूकता अभियान पखवाड़े के तहत थानाध्यक्ष गदरपुर के कुशल निर्देशन में गूलरभोज चौकी प्रभारी उप निरीक्षक राकेश कठायत ने टीम के साथ उत्कर्ष होम फ्रैश मशाला फैक्ट्री गूलरभोज तथा टेंपो व रिक्शा स्टैंड गूलरभोज पर लोगों से जनसंवाद कर उनको नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया गया, तथा क्षेत्र में किसी भी प्रकार के नशे आदि की सूचना को तत्काल पुलिस को देने हेतु अवगत कराया गया।

## घर में घुसकर सिलेंडर चोरी करने वाला गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में एक घर में घुसकर सिलेण्डर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले चोर को पुलिस ने चोरी किए दोनों सिलेंडरों सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार आकाश केसरवानी



पुत्र दसरत लाल केसरवानी निवासी केसरवानी कॉम्प्लेक्स बरेली रोड ने 22 जून को थाना बनभूलपुरा में मुकदमा दर्ज कराया कि किसी अज्ञात चोर द्वारा उसके घर मे घुसकर अन्दर रखे भारत गैस कम्पनी के दो गेस सिलेन्डर चोरी कर लिए गए। घटना के खुलासे को थानाध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर सिलेंडर चोरी की घटना में शामिल अभियुक्त मो. इमरान पुत्र तनवीर आलम निवासी सावरी मस्जिद के पास वार्ड 34 को पकड़ लिया। उसकी निशानदेही पर उसके कब्जे से चोरी किये गये 2 गैस सिलेण्डर भारत कम्पनी के इन्द्रानगर फाटक के पास खण्डहर से बरामद करते हुए गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में नीरज भाकुनी, थानाध्यक्ष बनभूलपुरा, उनि संजीत राठौड़, का. हरीश रावत व मौ. अतहर शामिल थे।

## ग्लोबल वूमेन इंस्पायरेशन अवार्ड से सम्मानित होंगी एएनएम दीपा जोशी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। विभिन्न राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होने वाली जवाहर लाल नेहरू जिला चिकित्सालय में एएनएम पद पर कार्यरत दीपा जोशी के पुरस्कारों की कढ़ी में शीघ्र ही एक और मोती जुड़ने वाला है। महिलाओं को समाज में पिछले कई वर्षों से जागरूक करने पर उन्हें आगामी 26 जून को गोवा में ग्लोबल वूमेन इंस्पायरेशन अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। दीपा जोशी का चयन सर्वेश्रेष्ठ 100 ग्लोबल महिलाओं में किया गया है। यह जानकारी देते हुए दीपा जोशी ने बताया कि हाइपेज मीडिया ग्रुप के अवार्ड के लिए सीईओ गौरव गौतम की तरफ से उन्हें गोवा आने का निमंत्रण मिला है। अवार्ड समारोह गोवा के होटल हिल्टन में पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे से आयोजित होगा। ज्ञातव्य है कि चिकित्सा क्षेत्र में एएनएम दीपा जोशी को पूर्व में फ्लोरेंस नाइटेंगल अवार्ड सहित कई अन्य अवार्ड भी मिल चुके हैं। कोरोना संक्रमण काल से लेकर टीकाकरण सहित महिलाओं को अनेक बिन्दुओं पर जागरूकता अभियान में एएनएम दीपा जोशी बढ़ - चढ़कर सक्रिय भूमिका निभाती रही हैं।

## हाफ मैराथन रैली 26 जून को

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पंकज भट्ट वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी 26 जून को अन्तर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर रन अगेंस्ट ड्रग्स के सन्देश के साथ हाफ मैराथन दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए पंजीकरण प्रारम्भ कर दिए गए हैं। हाफ मैराथन के अन्तर्गत 5 किमी. की करायी जाएगी। जिसमें 14 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चे प्रतिभाग कर सकते हैं। जानकारी के अनुसार मैराथन हेतु 3 वर्ग निर्धारित किए गए हैं। जिनमे 16 से 20 वर्ष आयु तक जूनियर वर्ग, 20 से 45 वर्ष आयु तक ओपन वर्ग तथा 45 वर्ष से अधिक आयु के लिए मास्टर वर्ग बनाए गए हैं। मैराथन दौड़ चौकी भोटिया पड़ाव से समय प्रातः 06:30 बजे प्रारंभ कर नवीन मंडी में समाप्त की जाएगी। ईनाम हेतु तीनों वर्गों में प्रथम,द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को पंकज भट्ट वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा।

# अभियान में पांच बच्चों को काम करते किया रेस्क्यू

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम द्वारा श्रम विभाग , चाइल्ड वेलफेयर कमेटी,चाइल्ड हेल्पलाइन, शिक्षा विभाग के साथ मिलकर संयुक्त रूप से बाल श्रम के विरुद्ध अभियान चलाकर विभिन्न संस्थानों में काम करते 5 बच्चों को



रेस्क्यू किया गया। थाना सितारगंज में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम प्रभारी निरीक्षक बसंती आर्य द्वारा श्रम प्रवर्तन अधिकारी निरीक्षक मीनाक्षी भट्ट, खटीमा सितारगंज तथा चाइल्ड वेलफेयर कमेटी की सदस्य पुष्पा पानू , अजय जोशी, शिक्षा विभाग से राकेश सुमन और चाइल्ड लाइन के टीम मेंबर इमरान के तथा सितारगंज पुलिस टीम के साथ मिलकर संयुक्त रूप से बाल श्रम जागरूकता व चिन्हीकरण को लेकर अभियान चलाया गया। अभियान में दुकानदारों, ढाबा, रेस्टोरेंट, होटल, मॉल के मालिक व संचालको आदि को बाल श्रम को लेकर जागरुक किया गया तथा बताया गया कि बाल श्रम अपराध है। जिसके तहत जुर्माना, सजा व दोनों का प्राविधान है। बच्चे को कार्य पर लगाने से वे भटक जाते हैं और शिक्षा के प्रति उनका लगाव कम होने लगता है। अभियान के दौरान सितारगंज क्षेत्र में 5 बच्चों को बाल श्रम करते हुए पाया गया। जिनकी काउंसलिंग चाइल्ड वेलफेयर कमेटी द्वारा मौके पर परिजनों को बुलाकर की गई। भविष्य में इस प्रकार से पुनः बाल श्रम करते पाए जाने पर वैधानिक कार्यवाही करने के संबंध भी अवगत कराया गया।एंटी ह्यूमन टैफिकिंग टीम प्रभारी निरीक्षक बसन्ती आर्य ने बताया कि बाल श्रम समाज के लिए हितकर नहीं है। बच्चों से कार्य कराने पर उनके भविष्य पर कुप्रभाव पड़ता है। बाल श्रम कानूनी रूप से जुर्म है। किसी भी प्रतिष्ठान या दुकान पर बच्चों के द्वारा कार्य करने की सूचना आप चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर दे सकते है । साथ ही चाइल्ड लाइन 1098 के बारे में विस्तृत रूप में सभी को जागरुक किया। टास्क फोर्स टीम ने बालश्रम कानून व सजा के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान श्रम प्रवर्तन अधिकारी मीनाक्षी भट्ट, एंटी ह्यूमन टैफिकिंग से प्रभारी बसन्ती आर्य, महिला कांस्टेबल रेखा टम्टा,ममता मेहरा, चाइल्ड लाइन टीम मेंबर इमरान अंसारी, चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के अजय जोशी, श्रीमती पुष्पा पानू , राकेश सुमन व फरहद खान आदि उपस्थित रहे।

# भाजपाईयों ने घर घर किया जनसंपर्क

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा महाजनसंपर्क अभियान के तहत विधायक शिव अरोरा ने वार्ड नं 25 फाजलपुर महरोला में कार्यकर्ताओं के साथ बूथ संख्या 149 पर घर-घर जनसम्पर्क कर मोदी सरकार की उपलब्धियां बतायी और पत्रक वितरित किये। इसके साथ ही मिसकॉल के माध्यम से लोगो को भाजपा से जोड़ने का कार्य किया। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 9 वर्ष का कार्यकाल गरीब कल्याण, सुशासन सेवा और राष्ट्र के नवनिर्माण को समर्पित रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का नागरिक चारों ओर हो रहे विकास से स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। इसी के निमित भाजपा संगठन के निर्देश पर घर घर जाकर केंद्र सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुँचाने का कार्य कर रहे हैं । विधायक ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान वहाँ के राष्ट्रपति द्वारा जिस प्रकार गर्मजोशी से स्वागत किया है हम सभी देशवासियों के लिये गौरव का क्षण है , हमको विश्वास है प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश एक अलग पहचान स्थापित कर विश्व की सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था बन कर सामने आयेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व



में हर वर्ग का विकास हुआ है उसमें गांव गरीब किसान माध्यम वर्ग हो या महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने जैसी अनेको योजनाए धरातल पर गतिमान है। इस दौरान पार्षद सुशील यादव, मण्डल अध्यक्ष धर्म सिंह कोली, सोनू अनेजा, भीमसेन, नीलकांत, विकास सागर, सुनील सागर,हरीश चंद्र परगाई,प्रदीप शर्मा,राजेश पासवान,ब्रजेश शर्मा, मुरारी लाल,राजेश गुप्ता,महंत बाबूराम, सुदामा प्रसाद,राजपाल,गोविंद, रामसिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# समाजसेवियों ने कराया निर्धन कन्या का विवाह

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गल्ला मण्डी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान बालाजी मंदिर गल्ला मंडी में समाजसेवी



राजेंद्र जयसवाल के सहयोग से मंदिर समिति द्वारा निर्धन कन्या का विवाह संपन्न कराया गया। मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रीत विहार निवासी मुकेश और सुभाष कालोनी निवासी रजनी परिणय सूत्र में बंध गये। विवाह की रस्में पंडित सुरेन्द्र शर्मा ने विधि विधान से संपन्न करायी। इस दौरान वर वधू को सभी ने आशीर्वाद देते हुए उनके सुखी दांपत्य जीवन की कामना की। इस अवसर पर मंदिर समिति अध्यक्ष गुलशन नारंग ने कहा श्री पंचमुखी हनुमान बालाजी मंदिर समिति द्वारा पूज्य महंत रमेश वाधवा जी के आशीर्वाद से समय समय पर धार्मिक सामाजिक पुण्य कार्य करते कराये जाते हैं। उन्होंने कहा कि विवाह का यह आयोजन भी महंत जी की प्रेरणा से ही संपन्न हुआ। आगे भी इस तरह के आयोजन किये जाते रहेंगे। इस अवसर पर सौरभ गाबा, रोनिक नारंग, राजू त्रिखा, सोनू अनेजा, देसराज तागरा, मनीष शर्मा, राजकुमार सीकरी, अजय फुटेला,शिवांश अग्रवाल ,ज्ञान प्रकाश दुबे,अरुण दुबे, लाला पूनम चंद्र अग्रवाल, सुरेश शर्मा,पवन अग्रवाल, महिला मंडल की डिंपल बत्रा, अनु राठी व बाबा भक्त गगन वाधवा आदि उपस्थित थे।

# सेपक टकरा मैच का किया आयोजन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला खेल कार्यालय के निर्देशन में कल्याणी व्यू स्थित सेपक टकरा कोर्ट पर आयोजित प्रशिक्षण स्थल पर जनपद उधम सिंह नगर और नैनीताल के मध्य सेपक टकरा महिला पुरुष के मैचेस का आयोजन किया गया। जिसमें जिला नैनीताल और उधम सिंह नगर के विभिन्न महाविद्यालयों के खिलाड़ी एवं कुमाऊं विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों के मध्य मुकाबले खेले गए। ट्रिपल ई वेंट के प्रथम मैच जिला नैनीताल एवं उधम सिंह नगर की महिलाओं के मध्य हुआ जिसमें नैनीताल जनपद के खिलाड़ियों ने उधम सिंह नगर को 21 -18, 21- 16 से पराजित किया। जबकि डबल इवेंट के महिला वर्ग के मुकाबले में उधम सिंह नगर की टीम ने नैनीताल जनपद की टीम को 21 -16 , 21-14 से पराजित किया। जिला उधम सिंह नगर जिला ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर नागेंद्र शर्मा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस



के अवसर पर इन मैचों का आयोजन किया गया। जिसमें खिलाड़ियों ने खूब बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतिभागी खिलाड़ियों में लोकेश शाह, तेजस्वी कुमार, शिवम नेगी, गौरव बिनवाल, राहुल जोशी, मोनिका वाला, दिव्या गोस्वामी, रानी राजपूत, कशिश शर्मा, प्रगति, अंजलि, जतिन बसेरा, मोहित उप्रेती, हिमांशु गढ़िया, गीता डांगी, प्रियंका गोस्वामी एवं हल्द्वानी स्टेडियम की कोच किरण मौर्य रुद्रपुर के प्रशिक्षक गौरव जोशी सहित अनेकों खेल प्रेमी उपस्थित थे।


उत्तराखण्ड शासन
G20 2023 INDIA
75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
देवभूमि उत्तराखण्ड
संकल्प
नये उत्तराखण्ड का
उत्तराखण्ड को महत्व देने के लिए प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद। हम निश्चित रूप से मोदी जी की आकांक्षाओं का उत्तराखण्ड बनाएंगे। प्रदेश के लिए उनका योगदान वृहद है। उत्तराखण्ड से उनका रिश्ता मर्म एवं कर्म का है। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है।
पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
उत्तराखण्ड आज जिस तरह से कानून व्यवस्था को सर्वोपरि रखते हुए विकास के अभियान को आगे बढ़ा रहा है, वो बहुत सराहनीय है। ये इस देवभूमि की पहचान को संरक्षित करने के लिए भी अहम है। और मेरा विश्वास है कि देवभूमि आने वाले समय में पूरे विश्व की आध्यात्मिक चेतना के आकर्षण का केंद्र बनेगी। हमें इस सामर्थ्य के अनुरूप भी उत्तराखण्ड का विकास करना होगा।
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
विकास के नवरत्न



1 केदारनाथ-बद्रीनाथ धाम में 1300 करोड़ रुपए से पुनर्निर्माण का कार्य।



2 गौरीकुण्ड-केदारनाथ, गोविंदघाट-हेमकुंड साहिब रोपवे।



3 मानसखण्ड मंदिर माला मिशन।




4 4000 से अधिक होम स्टे विकसित।




5 16 ईको टूरिज्म डेस्टिनेशन का विकास।




6 AIIMS, ऋषिकेश का उधमसिंहनगर में सैटेलाइट सेंटर।



7 2 हज़ार करोड़ रुपए की लागत से टिहरी लेक डेवलेपमेंट।



8 एडवेंचर टूरिज्म व योग का केन्द्र बना उत्तराखण्ड।



9 टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन का विकास।

- चारधाम ऑल वेदर रोड
- दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे
- वन्देभारत एक्सप्रेस ट्रेन
- पर्वतमाला परियोजना से प्रदेश में रोपवे कनेक्टिविटी
- ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना
- पर्यटन हब, एडवेंचर टूरिज्म, फिल्म शूटिंग डेस्टिनेशन के रूप में उभरता उत्तराखण्ड
- भारतमाला परियोजना
- एक जिला-दो उत्पाद योजना
- निवेश अनुकूल औद्योगिक नीति
- स्टार्टअप से युवा उद्यमिता को प्रोत्साहन
- अटल आयुष्मान उत्तराखण्ड योजना
- स्टेट मिलेट मिशन से राज्य में पौष्टिक अनाज को बढ़ावा

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

उत्तरांचल दर्पण

# सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## कट्टरपंथ और आतंकवाद पर अंकुश

अमेरिकी राष्ट्रपति ने भी अल-कायदा, इस्लामिक स्टेट, लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन समेत संयुक्त राष्ट्र में सूचीबद्ध तमाम आतंकी संगठनों के खिलाफ समन्वित कार्रवाई की जरूरत पर बल दिया। अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ कड़े कदम उठाने की जरूरत रेखांकित की। पाकिस्तान का नाम लिए बगैर उन्होंने याद दिलाया कि विश्व व्यापार संगठन की मीनारों पर हमले के दो दशक से अधिक और मुंबई पर आतंकी हमले के एक दशक से अधिक समय बीत जाने के बावजूद आतंकवाद को प्रायोजित करने वालों पर नकेल न कसी जाने के कारण आज भी कट्टरपंथ और आतंकवाद पूरी दुनिया के लिए नासूर बना हुआ है। इसके लिए प्रधानमंत्री ने अमेरिका से आह्वान किया कि वह आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई को तेज करे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने भी अल-कायदा, इस्लामिक स्टेट, लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन समेत संयुक्त राष्ट्र में सूचीबद्ध तमाम आतंकी संगठनों के खिलाफ समन्वित कार्रवाई की जरूरत पर बल दिया। निस्संदेह चरमपंथ की चोट इस समय दुनिया के ज्यादातर देशों पर पड़ रही है। भारत को लगातार इसका सामना करना पड़ता है। कश्मीर घाटी में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के चलते भारत में लगातार अस्थिरता बनी रहती है। अमेरिका ने भी बड़ा जख्म खाया है, जब उसकी विश्व व्यापार संगठन की जुड़वां मीनारों को ध्वस्त कर दिया गया। तब अमेरिका ने दुनिया भर के देशों से आह्वान किया था कि वे मिल कर आतंकवाद से लड़ें। अब फिर से उसने इस जरूरत पर बल दिया है।छिपी बात नहीं है कि दुनिया में सबसे अधिक आतंकी संगठनों को पाकिस्तान ने पनाह दे रखी है। वहां की खुफिया एजंसी आइएसआइ और सरकार खुद कट्टरपंथी और चरमपंथी ताकतों को प्रोत्साहित करने का काम करते हैं। इसके अनेक सबूत मौजूद हैं। भारत पर हुए तमाम बड़े आतंकी हमलों से जुड़े दस्तावेज वैश्विक मंचों पर साझा हैं। मगर जब भी उसके खिलाफ संयुक्त कार्रवाई की बात आती है, तो अलग-अलग देशों के अपने स्वार्थ काम करने लगते हैं। यह भी सब जानते हैं कि पाकिस्तान में चरमपंथी गतिविधियों को प्रश्रय देने का काम खुद अमेरिका ने किया था, इसलिए कि वह उसकी जमीन से चीन और भारत को साधना चाहता था। मगर पाकिस्तान ने उससे किनारा कर लिया और फिर चीन से नजदीकी बढ़ा ली। इस समय चीन उसकी सुरक्षा में लगा साफ नजर आता है। जब भी वहां के किसी आतंकी संगठन या दहशतगर्द पर प्रतिबंध लगाने की बात संयुक्त राष्ट्र में उठती है, चीन अकेले उसके समर्थन में खड़ा हो जाता है।इस तरह वहां कई संगठन महफूज बने हुए हैं। इस समय चूंकि भारत और अमेरिका की नजदीकी बढ़ने से चीन को चुनौती मिलने की बात कही जा रही है, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में चीन का साथ मिलना कठिन ही है। दरअसल, आतंकवाद को महाशक्तियों ने ही अपने स्वार्थ के लिए पोसा, प्रोत्साहित किया है। इस तरह जहां उन्हें अपना स्वार्थ नजर आता है, वहां वे अच्छे और बुरे आतंकवादी का भेद करना शुरू कर देते हैं। इस तरह आतंकवाद के विरुद्ध जो लड़ाई अमेरिका ने करीब बीस साल पहले छेड़ी थी, वह किसी निर्णायक मोड़ पर नहीं पहुंच पाई। यही वजह है कि जब भी भारत कश्मीर में दहशतगर्दी का मुद्दा उठाता है, तो ज्यादातर देश तटस्थ नजर आने लगते हैं। ऐसे में आतंकवाद के खिलाफ समन्वित लड़ाई कमजोर पड़ जाती है। भारत को अकेले ही इससे निपटना पड़ता है। मगर सभी देश मिल कर अगर पाकिस्तान पर नकेल कसें, तो निश्चित रूप से आतंकवाद को समाप्त करने में कामयाबी मिल सकती है।

## बहुद्देशीय शिविर में आई कई समस्याएं

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। विकास खंड डीडीहाट स्थित राजकीय इंटर कॉलेज लेगधार में जिलाधिकारी रीना जोशी की अध्यक्षता में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे क्षेत्रीय लोगों द्वारा कई शिकायतें दर्ज करवायी गयी। जिनके त्वरित निस्तारण के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को दिये गये। दर्ज शिकायतों में से अधिकांश शिकायतें सड़क, पेयजल, स्कूल भवन मरम्मत, लम्पी बीमारी की रोकथाम व स्थाई पशु चिकित्सक की तैनाती आदि से संबंधित थी। ग्राम प्रधान ग्राम बोरा, वर्नाऐरी व कुनिया द्वारा राइका लेगधार के जीर्ण – क्षीण विद्यालय भवन की मरम्मत की मांग की गयी। जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग को लेगधार विद्यालय भवन के मरम्मत कार्यों का स्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिये। ग्राम प्रधान ग्राम वर्नाऐरी बसन्त द्वारा विगत 3 वर्षों से बंद पड़े आदि चौरा कुनिया मोटर मार्ग को खुलवाये जाने की मांग की ताकि विद्यार्थियों को विद्यालय में आने- जाने की सुविधा रहे। जिस पर जिलाधिकारी ने पीएमजीएसवाई के अधिकारी को सड़क मार्ग खोले जाने के निर्देश दिये। बसंत ने ग्राम बोरा में स्थित बारातघर में सप्ताह में 3 दिन एलोपैथिक चिकित्सालय के संचालन की मांग की गयी। जिस पर जिलाधिकारीने चिकित्सा विभाग के अधिकारी को समस्या समाधान के निर्देश दिए। ग्राम प्रधान ग्राम बोरा नंदन सिंह मेहरा द्वारा ग्राम बोरा में पेयजल लाइन जगह-जगह से टूटी होने के कारण पेयजल आपूर्ति की समस्या होना बताया गया। जिस पर जिलाधिकारी ने पेयजल निगम के अधिकारियों को जल जीवन मिशन के अंतर्गत



पेयजल लाइन को दुरुस्त करवाए जाने के निर्देश दिये। वहीं जिलाधिकारी ने कहा कि यदि संबंधित ठेकेदार द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत हो रहे कार्यों में हीला - हवाली या लापरवाही बरती जाय तो संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध ब्लैक लिस्ट की कार्रवाई की जाय। ग्राम वर्नाऐरी से प्रकाश जोशी ने बताया कि गौ-वंशीय पशुओं में लम्पी बीमारी का टीकाकरण होने के बाद भी क्षेत्र में लम्पी बीमारी की रोकथाम नहीं हो पा रही है। वहीं उन्होंने क्षेत्र में एक स्थाई पशु चिकित्सक की तैनाती की भी मांग की। जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को क्षेत्र का भ्रमण कर समस्या समाधान के निर्देश दिये।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी संबंधित अधिकारी क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर समस्याओं का समाधान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बरसात में मलबा आने के कारण जिन स्थानों में सड़क मार्ग बंद हो गये हैं वहां जेसीबी आदि लगाकर तत्काल ही मार्गो को सुचारू किया जाय। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को मानसून सीजन में अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिये ताकि किसी प्रकार की आपदा की स्थिति उत्पन्न होने पर त्वरित गति से रेसक्यू कार्य संपादित किये जा सकें। उन्होंने कृषि, उद्यान एवं पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि लेगधार क्षेत्र में कृषि विकास की अपार संभावनाएं हैं इसलिए क्षेत्र का भ्रमण कर लोगों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया जाय। इस अवसर पर एलोपैथिक चिकित्सा विभाग द्वारा 10 लोगों के स्वास्थ्य निशुल्क जांच व नि:शुल्क दवा का वितरण किया गया। उद्यान विभाग द्वारा 5 लोगों को 50 प्रतिशत अनुदान पर बीज का वितरण किया गया। पशुपालन विभाग द्वारा दो लोगों को पशुओं हेतु पेट के कीड़े की दवाई का वितरण किया गया। वही डेयरी,उद्योग, कृषि, सहकारिता,बाल विकास आदि विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी लोगों को दी गई। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख बबीता चुफाल, सीडीओ वरुण चौधरी, एसडीएम अनुराग आर्य, पीडी डीआरडीए आशीष पुनेठा, बीडीओ डीडीहाट आनंद स्वरूप ग्वासीकोटी, जिला उद्यान अधिकारी त्रिलोकी राय, मुख्य कृषि अधिकारी रितु टम्टा, अधिशासी अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग विनीत कुरील, जिला युवा कल्याण अधिकारी डीएन द्विवेदी सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## पशुपालकों की समस्याओं पर प्रथमिकता से निस्तारण करें : डीएम

नैनीताल। जिलाधिकारी वंदना की अध्यक्षता में गुरूवार को जिला कार्यालय नैनीताल में पशुपालन विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सीएम हेल्पलाइन की समस्याओं, विभागीय कार्यों, कामिकों के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान पशुपालन विभाग की सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए निर्देश दिये कि कल तक सभी शिकायतकर्ताओं से वार्ता करते हुए निस्तारण कर सीएम हेल्पलाइन पोर्टल में अपलोड करना सुनिश्चित करें। यदि कल तक निस्तारण की कार्यवाही पूर्ण नहीं की गई तो जिम्मेदार अधिकारियों पर दंडात्मक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी पशुपालकों से सम्बन्धित जनसमस्याओं को गम्भीरता से लें समस्या मिलने पर उनसे वार्तालाप करते हुए तत्काल प्रभाव से पशु चिकित्सक टीम भेजकर समस्याओं का निदान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पशु विभाग एक अहम विभाग है जो ग्रामीण क्षेत्रों स्वरोजगार देने का कार्य करता है। इसलिए विभाग को अपनी जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए क्षेत्र की जलवायु एवं परिस्थिति के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को दुग्ध उत्पादन, कुकुट पालन, बकरी पालन एवं अन्य पशु पालन के लिए लोगों को प्रेरित करना चाहिए। ताकि अधिक से अधिक गॉव के आमजनमानस की आर्थिकी में सुधार किया जा सके। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये हैं कि जिन स्थानों पर पशुधन प्रसार अधिकारी की समस्या बनी है उन स्थानों पर अन्य पशुधन प्रसार अधिकारी को अतिरिक्त प्रभार देते हुए रोस्टर जारी करें। ताकि उन स्थानों पर लोगों को पशु से सम्बन्धित समस्याओं का समाधान मिल सके। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को दो, तीन गॉवों को कलस्टर बेस एवं गोट वैली परियोजना के तहत प्लान उपलब्ध कराने के निर्देश दियें। इस अवसर पर मुख्य पशुपालन अधिकारी डॉ भूपेन्द्र सिंह जंगपांगी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ पीएस हयांकी, जिला अर्थ संख्या अधिकारी मुकेश नेगी आदि अधिकारी उपस्थित थे।

## फर्जी मुख्तारनामा तैयार कर पत्नी के नाम मकान का पति ने कर दिया सौदा

### दो महिलाओं समेत 7 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

काशीपुर(उद संवाददाता)। दंपति के बीच चल रहा विवाद न्यायालय में लंबित होने के दौरान पत्नी जब मायके चली गई इसी बीच शातिर दिमाग पति ने कुछ लोगों के साथ हमसाज होकर कूट रचित दस्तावेजों के सहारे पत्नी के नाम मकान का मुख्तारनामा बेटी के नाम करा दिया। इसके बाद बेटी से मुख्तारनामा खुद के नाम कराते हुए मकान को धोखाधड़ी से ऊंचे दामों में बेच दिया गया। महिला को जब इसका पता चला तो उसने मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने धोखाधड़ी के उक्त मामले में 2 महिलाओं समेत कुल 7 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर फ्लैट नंबर 454 5वां तल, ए टावर, ए टू जेड सोसायटी रुड़की रोड पल्लमपुर मेरठ उत्तर प्रदेश निवासी अर्चना सिंह पुत्री सत्यवीर सिंह ने बताया कि वर्ष 2018 से पति के साथ उसका विवाद विभिन्न न्यायालयों में लंबित है। वर्ष 2022 की 4 मई को पति से उसका तलाक हो चुका है। आपसी विवाद के कारण जब वह मायके चली आई इसी दौरान आरोप है कि प्रकाश सिटी बाजपुर रोड खड़कपुर देवीपुरा निवासी पति धर्मेंद्र सिंह पुत्र राजबल सिंह ने पुराना आवास विकास काशीपुर निवासी हरेंद्र सिंह पुत्र यशवीर सिंह, प्रतापपुर काशीपुर निवासी शौकीन शाह पुत्र अब्दुल अजीज, शौकीन की पत्नी के अलावा मोहल्ला गंज बद्री भवन रोड काशीपुर निवासी स्वाति पांडे पत्नी भूपेश जोशी, भूपेश जोशी पुत्र अज्ञात तथा प्रकाश सिटी बाजपुर रोड खड़कपुर देवीपुरा निवासी पलक पुत्री धर्मेंद्र सिंह ने आपस में एक राय होकर उप निबंधक कार्यालय में कूट रचित दस्तावेज पेश करते हुए गवाहों की मौजूदगी में किसी गैर महिला को अपनी पत्नी बताकर मुख्तारनामा फर्जी तरीके से पलक के नाम करा दिया गया। मजे की बात यह है कि इस मुख्तारनामे में संपत्ति की कीमत तीन गुना से भी कम 20 लाख रखी गई। आरोप है कि इसके बाद धर्मेंद्र ने षड्यंत्र के तहत बेटी से मुख्तारनामा अपने नाम कराते हुए पत्नी के नाम मकान का 45 लाख रुपयों में सौदा करते हुए स्वाति पांडे के नाम बैनामा कर दिया। शिकायत करने वाली महिला ने पुलिस को बताया कि स्वाति पांडे पूर्व में उसके मकान में किराएदार हुआ करती थी। धोखाधड़ी के इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो महिलाओं समेत कुल 7 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## पीएमओ के उच्चाधिकारियों से सीएम धामी ने की चर्चा

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास, देहरादून में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रमुख सचिव डॉ. पी.के. मिश्रा, सलाहकार श्री अमित खरे, उप सचिव श्री मंगेश घिल्डियाल ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उन्हें उपहार स्वरूप स्थानीय उत्पाद भी भेंट किए। प्रमुख सचिव डॉ.पी.के मिश्रा



ने इस दौरान मुख्यमंत्री श्री धामी से प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट बदरीनाथ मास्टर प्लान के अन्तर्गत संचालित पुनर्निर्माण कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, विशेष कार्याधिकारी श्री केदारनाथ-बदरीनाथ रिडेवलपमेंट वर्क्स श्री भाष्कर खुल्बे भी उपस्थित रहे।

## घर में घुसकर परिजनों से मारपीट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प अटरिया ढ़ाल में कुछ लोगों ने एक घर में घुसकर परिजनों से मारपीट कर दी। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में कमलेश पत्नी सुन्दर लाल निवासी अटरिया ढाल, ट्रांजिट कैम्प ने कहा है कि 17 जून को सांय 6 बजे उसकी तहेरी भाभी रजनी, अपने साथ 3 लोग सोनू, व पत्नी प्रीति और अंकिता को लेकर उसके घर में आयी और बहू पूजा, राजकुमार व पुत्र विक्की, रवि को गालियां देकर डण्डों फन्टी, लात घूंसो से बुरी तरह मारापीटा और जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में सभी को गुम व खुली चोटे आयी है। शोर की आवाज सुनकर आस-पड़ोस के लोगों को आता देख हमलावर धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

## खाईबाड़ी करते दो सट्टेबाज गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान अलग अलग स्थानों में खाईबाड़ी करते हुए दो सट्टेबाजों को गिरफ्तार कर लिया।जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में थाना स्तर पर गठित दो पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खिलाते हुए मौ0 जैद पुत्र



पप्पू इमाम निवासी बड़ी मस्जिद के पास इन्द्रानगर, वार्ड 31, बनभूलपुरा को गफूर बस्ती में पकड़ लिया। उसके कब्जे से पैन ,गत्ता ,सट्टा पर्ची व नगदी 1560 रुपयें बरामद हुए। वहीं शाहरुख पुत्र मौ. सलीम निवासी नई बस्ती, वार्ड 26, बनभूलपुरा को उसके घर के पास से पकड़ा गया। उसके कब्जे से पैन , गत्ता , सट्टा पर्ची व नगदी 1550 रुपयें बरामद हुए। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## मुकेश मेहरोत्रा की पुण्यतिथि पर शरबत व चने का वितरण

काशीपुर(उद संवाददाता)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री एवं पूर्व पालिका अध्यक्ष स्वर्गीय मुकेश मेहरोत्रा की तीसरी पुण्यतिथि के मौके पर मेहरोत्रा इंटरप्राइजेज के समीप राहगीरों वाहन चालको एवं स्थानीय लोगों को मीठे शरबत एवं चने का वितरण किया गया। रामनगर रोड स्थित मेहरोत्रा इंटरप्राइजेज के समीप लगाई स्टाल पर राहगीरों की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान भगवान इंद्र देव भी खासे मेहरबान नजर आए। कार्यक्रम से पूर्व तेज बारिश हो रही थी लेकिन जैसे ही कार्यक्रम आरंभ हुआ 5 मिनट पूर्व बरसात थम गई और शरबत वितरण का कार्यक्रम निर्विघ्न तरीके से संपन्न हुआ। इस मौके पर युवा कांग्रेसी नेता एवं मेहरोत्रा इंटरप्राइजेज के पार्टनर अर्पित मेहरोत्रा ने कहा कि पिता के बताए मार्ग पर चलते हुए समाज सेवा कर वहआत्मिक सुख का अनुभव करते हैं। अर्पित ने कहा कि पिता की भांति उनका भी संपूर्ण जीवन समाज सेवा को समर्पित है। बीना मेहरोत्रा, राकेश मेहरोत्रा, योगेश मेहरोत्रा, अर्पित मेहरोत्रा, नवदीप मेहरोत्रा, ईला मेहरोत्रा, सुशील मेहरोत्रा, खुशबु सचदेवा, विपिन महल, रूपा महल, मनोज जैन, विनोद होंडा, मनोज पंत, अब्दुल सलीम एडवोकेट, आशीष अरोरा बॉर्बी, संजय चतुर्वेदी, इलियास माहीगीर आदि दर्जनों मौजूद रहे।



# सैनिकों की राजकीय सम्मान के साथ हुई अंत्येष्टि

## शामा में हुई भीषण दुर्घटना में शहीद जवानों व मृतकों को नम आंखों से दी अतिम विदाई, एक साथ सात लोगों का अंतिम संस्कार

बागेश्वर(उद संवाददाता)। पिथौरागढ़ जनपद के तेजम तहसील में हुई वाहन दुर्घटना में मृतक सात लोगों की अंत्येष्टि सरयू तट पर की गई जबकि भनार के तीन मृतकों की अंत्येष्टि गांव में की गई। मृतकों में सेना के दो जवानों को कौसानी और रानीखेत से आई सेना की शंकर सिहं व सुंदर सिंह को कौसानी से नायब सूबेदार दीप चंद्र के नेतृत्व में आई टुकड़ी ने शस्त्र उल्टे करके अंतिम सलामी दी। वही घटना में क्षेत्र पंचायत सदस्य के परिवार के बाप बेटे और बहू की भी अंत्येष्टि सरयू गोमती संगम तट पर की गई। सरयू- गोमतीसंगम तट पर ललित फर्स्वाण, भाजपा जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण, पूर्व जिलाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट,कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवत डसीला, अपर जिलाधिकारी सीएस इमलाल सैनिक कल्याण अधिकारी जीएस बिष्ट आदि ने मृतक सेना के जवानों को पुष्प चक्र अर्पित किए तथा अन्य मृतक जाएगी।जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने वाहन दुर्घटना में मारे गए सभी मृतकों के परिजनों से मुलाकात करके उन्हें ढाढ़स बंधाया तथा कहा कि कपकोट के उपजिलाधिकारी को प्रभावित परिवारों की हरसंभव मदद करने का आदेश दिया गया है। कहा कि दुख की इस घडी में सिंह इमलाल, उपजिलाधिकारी हरगिरि, मोनिका, पुलिस उपाधीक्षक एसएस राणा, सैनिक कल्याण जीएस बिष्ट, सहायक सैनिक कल्याण अधिकारी आरसी तिवारी, समेत अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी व जनता मौजूद रही। उधर वाहन दुर्घटना में मारे गए मृतक व्यक्तियों की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। मृतकों में श्री किशन सिंह पुत्र खुशाल सिंह, निवासी शामा तह0 कपकोट जिला बागेश्वर उम्र- 65 वर्ष।श्रीमती निशा पत्नी उमेद सिंह, निवासी , उम्र- 23 वर्ष। उमेद सिंह पुत्र कुन्दन सिंह, निवासी- उपरोक्त, उम्र- 29 वर्ष।कुन्दन सिंह पुत्र खीम सिंह,





टुकड़ी ने अंतिम सलामी दी।गुरूवार की सुबह होकरा मंदिर जाते वक्त शामा-तेजम मोटर मार्ग में हुई बोलेरो दुर्घटना में बागेश्वर जनपद के शामा के सात व भनार के तीन लोगों की मौत हो गई थी।मृतकों के बागेश्वर-पिथौरागढ़ जिलाधिकारी की वार्ता के बाद घटना स्थल पर ही पोस्टमार्टम करने के बाद पिथौरागढ़ प्रशासन से शव को परिजनों को सौंप दिया, जिनमें से सेना के जवान मृतकों के अंतिम दर्शन को भीड़ लगी रही, जनप्रतिनिधियों अधिकारियों और आमजनता ने नम आंखों से शोक व्यक्त करते हुए अंत्येष्टि में भारत माता के जयकारे के साथ अंतिम विदाई दी।वही जिले में पहली बार सड़क हादसे में हुई मौतों पर शोक जताया। इस दौरान कपकोट के विधायक सुरेश गड़िया, जिलाधिकारी अनुराधा पाल, पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवत सिंह भौर्याल पूर्व विधायक किशन सिंह, धरम सिंह ,कुंदन सिंह ,निशा , उमेश सिंह, शंकर सिंह व सुन्दर सिंह के शव पर पुष्प अर्पित करके शोक व्यक्त किया।इस दौरान कपकोट के विधायक सुरेश गड़िया ने मृतकों के परिजनों से मुलाकात की तथा उन्हें आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार इस दुख की घड़ी में उनके साथ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार दुख की घड़ी में उनके साथ है तथा हरसंभव मदद दिलाई प्रशासन उनके साथ है।वही जिले के प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने घटना पर गहरा दुख जताते हुएशोक व्यक्त कर सभी मृतकों के परिवारजनों को कहा कि दुख की घड़ी में सरकार प्रभावितों के साथ खड़ी है, सरकार द्वारा मृतकों के परिजनों को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।दौरान ब्लॉक प्रमुख गोविन्द सिंह दानू, पूर्व जिपंअध्यक्षराम सिंह कोरंगाऔर विक्रम शाही, अपर जिलाधिकारी चन्द्र भनार निवासी महेश सिंह ,वाहन चालक कुशाल सिंह व दान सिंह का गांव के श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। बुलेरो वाहन संख्या यूके 02 टीए 0845 में शामा- बागेश्वर से एक महिला सहित कुल- 10 लोग पूजा कार्य हेतु होकरा मंदिर को जा रहे थे। होकरा से पहले ही उक्त वाहन अनियंत्रित होकर लगभग 500 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। उक्त दुर्घटना में वाहन में सवार सभी निवासी- उम्र- 64 वर्ष।धरम सिंह पुत्र पदम सिंह, निवासी- , उम्र- 74 वर्ष। सुरेन्द्र सिंह पुत्र खुशाल सिंह, निवासी- उम्र- 38 वर्ष। खुशाल सिंह पुत्र उच्छप सिंह, निवासी- भनार बागेश्वर, उम्र- 65 वर्ष। महेश सिंह पुत्र मोहन सिंह, निवासी- उपरोक्त, उम्र- 40 वर्ष।दान सिंह पुत्र मंगल सिंह, निवासी- , उम्र- 57 वर्ष।शंकर सिंह पुत्र प्रताप सिंह, निवासी- उपरोक्त, उम्र- 45 वर्ष शाामिल है।

## सड़क चौडीकरण एवं डामरीकरण के कार्यो का किया स्थलीय निरीक्षण

हल्द्वानी। मुख्यमंत्री के आदेशों के क्रम में आयुक्त दीपक रावत ने शुक्रवार की सांय रूद्रपुर- ट्रान्सपोर्ट नगर हल्द्वानी सडक चौडीकरण एवं डामरीकरण के कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कहा 50 करोड की लागत से 21 किमी सडक के चौडीकरण एवं डामरीकरण कार्य पूर्व में काफी विलम्ब होने एवं वन विभाग की आपत्तियों के कारण कार्य काफी दिनों संचालित नहीं हो पा रहा था।



उन्होंने कहा वन विभाग की आपत्तियों का निस्तारण कर दिया गया है, वर्तमान में सडक चौडीकरण एवं डामरीकरण का कार्य प्रारम्भ हो चुका है, जो सितम्बर 2023 तक कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। आयुक्त ने कहा सडक चौडीकरण से जहां दुर्घटनाओं पर लगाम लगेगी वही पर्यटकों एवं आम जनता के समय के साथ ही जाम से भी निजात मिलेगी। प्रोजेक्ट मैनेजर ब्रिडकुल आकाश भटट ने बताया कि 50 करोड की लागत से 21 किमी सडक के चौडीकरण एवं डामरीकरण का कार्य सितम्बर 2023 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। उन्होंने कहा सडक का लगभग कार्य पूर्ण हो चुका है अवशेष कार्य सितम्बर 2023 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। निरीक्षण दौरान तहसीलदार सचिन कुमार, ब्रिडकुल के अधिकारी उपस्थित थे।

## अनहद ग्रुप ने चलाया नशा मुक्ति अभियान

गदरपुर (उद संवाददाता) अनहद ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के एमडी लवली हुड़िया की अध्यक्षता में नशा मुक्ति अभियान को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। अनहद ग्रुप के सभागार में नुकसान पहुंचा रहा है उससे ज्यादा अधिक नुकसान उसके परिवार उसके बच्चों को पहुंचा रहा है उन्होंने कहा शराब इंजेक्शन नशे के कैप्सूल गोलियां सिरप स्मैक चरस डोडा अफीम जैसे नशे हमेशा समय पर स्वास्थ जांच को भी कराया जाता है उन्होंने बताया कि अनहद में कार्यरत सभी कर्मचारियों को किसी भी प्रकार के नशे की वस्तु गुटखा सिगरेट बीड़ी या अन्य नशा कुछ भी लाने की काम किया जाता है। इस मौके पर नरेश अरोरा, शिव शर्मा, अमन बत्रा, मोहित बाटला, सचिन सुरेश कंबोज, बृजेश गुप्ता, राजू छाबड़ा, शेखर, पवन, भगत, सोनू, त्रिभुवन, ऋषि पाल, मोहित,





नशा मुक्ति अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से गदरपुर थानाध्यक्ष राजेश पांडेय व महतोष चौकी इंचार्ज ओम प्रकाश ने सभागार में उपस्थित कर्मचारियों को नशे के कारण होने वाले नुकसान को लेकर विस्तार से जानकारी दी। सभागार में अभियान की शुरुआत राष्ट्रीय गान का उच्चारण कर किया गया। थानाध्यक्ष राजेश पांडे ने कहा नशा आज की युवा पीढ़ी को जितना परिवार को बर्बाद करते है। शुरवात में व्यक्ति नशा करने शुरू करता है ओर आदत पड़ने पर नशा पूरा ना कर पाता है और व्यक्ति चोरी सहित अन्य बड़े अपराध कर देता है जिसका खामियाजा नशेड़ी व्यक्ति के परिवार को भुगतना पड़ता है।वही अनहद ग्रुप के एम डी लवली हुड़िया ने कहा अनहद ग्रुप में जितने भी कर्मचारी कार्य करते है उनकी पूरी जांच की जाती है साथ ही समय अनुमति नही है।ओर यही वजह है कि अनहद ग्रुप में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा भी इंडस्ट्रीज के सम्मान को बढ़ाने का जगमोहन, विपुल, पूरन, नंद गोपाल, आकाश, संजीव, देवीलाल, तुलसीराम, राहुल, हरबंस आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला लापता

काशीपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र में एक महिला बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता बताई जा रही है। पुलिस में तहरीर के आधार पर मामले की गुमशुदगी दर्ज कर गायब महिला का पता लगाना शुरू कर दिया है। जानकारी के मुताबिक मोहल्ला सुभाष नगर नंगली आश्रम काशीपुर निवासी मोहित शर्मा की 32 वर्षीया पत्नी ज्योति शर्मा बीते 22 जून को दोपहर लगभग 1:30 बजे घर से सुभाष नगर के लिए निकली लेकिन काफी देर बीत जाने के बाद भी वापस घर नहीं लौटी। इस दौरान तमाम संभावित स्थानों पर तलाशी के बाद परिजनों ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर गायब महिला का पता लगाना शुरू कर दिया है।

## पेज एक का शेष...

**सीबीआई जांच के घेरे...**प्रार्थना पत्र पेश किया, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत पूर्व मंत्री डॉ हरक सिंह रावत एवं विधायक द्वय क्रमशः उमेश कुमार व मदन बिष्ट की आवाज के नमूने लेने की अनुमति देने की अपील की गई थी । सुनवाई के दौरान अदालत में बताया गया कि 8 जून को इन्हें नोटिस जारी किए गए थे ,लेकिन अभी तक नोटिस तामील नहीं हुए हैं। इस पर कोर्ट ने इन्हें फिर से नोटिस जारी करने के साथ ही सीबीआई को इसकी पैरवी करने के निर्देश दिए । क्योंकि चार नेताओं में से दो मौजूदा विधायक हैं इसलिए कोर्ट ने दोनों विधायकों को नोटिस तामील करने में तय प्रक्रिया पालन करने का निर्देश भी दिया है। मामले की अगली सुनवाई अब 4 जुलाई को होगी।

**संदिग्ध हालातों में ...**पुलिस मौके पर पहुंची और लक्ष्मी को फंदे से उतारकर अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के चार बच्चे हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रथम दृष्टया मामला आत्म हत्या का प्रतीत हो रहा है। फिलहाल कमरे से कोई सुसाईड नोट बरामद नहीं हुआ है।

**युवक ने पांच लोगों की...**सुभाष चंद्र यादव के तीन पुत्र शिववीर, सोनू और भुल्लन थे। शुक्रवार को मझले पुत्र 20 वर्षीय सोनू की बरात इटावा के थाना चौबिया क्षेत्र के गांव गंगापुर से लौट कर आई थी। घर में नई बहू सोनी के आने से खुशियों का माहौल था। शुक्रवार की देर रात एक बजे तक सभी लोग डीजे बजा कर नाच गा रहे थे। रात में शिववीर ने कोल्ड ड्रिंक में कोई नशे की गोली मिलाकर सभी को पिला दी। सभी के बेहोश होने के बाद शिववीर ने बंके से आंगन में सो रहे भाई 20 वर्षीय भुल्लन, बहनोई 26 वर्षीय सौरभ निवासी चांदा हविलिया, भाई के दोस्त 20 वर्षीय दीपक फिरोजाबाद की हत्या कर दी। इसके बाद छत पर सो रहे 22 वर्षीय सोनू और नवविवाहिता सोनी की बंके से गला काटकर हत्या कर दी। हमले में पिता सुभाष, आरोपी की पत्नी और मामी गंभीर रूप से घायल हो हैं। पांच हत्याएं करने के बाद शिववीर ने घर से कुछ दूर जाकर खुद भी गोली मारकर खुदकुशी कर ली। तीन घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया है। शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाए गए हैं। हत्याकांड क्यों अंजाम दिया गया, इसकी वजह अभी पता नहीं लग सकी है। पुलिस कारण जानने का प्रयास कर रही है।

**बेटा नहीं होने पर ...**देवी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि बेटा नहीं होने के कारण जितेंद्र और उसकी मां उनकी बेटी रीना को आए दिन ताना मारते थे और मारपीट भी करते थे। इससे तंग आकर वह कुछ महीने पहले मायके चली गई थी। वहां से लौटकर आई फिर भी ससुराल वालों का यही रवैया रहा। आखिरकार तंग आकर दो महीने पहले वह घर छोड़कर हैदराबाद चली गई। आरोप है कि शुक्रवार को जितेंद्र ने दोनों बेटियों की हत्या कर दी और फरार हो गया। मामले में जितेंद्र के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आशु देवी ने आरोप लगाया कि जितेंद्र अक्सर गुस्से में रहता था। कहता था, बच्चियों के कारण उसकी दूसरी शादी नहीं हो पा रही है। वह उन्हें अक्सर मारने की धमकी भी देता था। कहता था कि रीना नहीं आई तो बच्चियों को नहीं छोड़ूंगा। आए दिन वह अपनी ससुराल पहुंच जाता था और बेटा नहीं होने को लेकर पत्नी से झगड़ा करता था।

**धोखाधड़ी...**बताया कि पुलिस द्वारा जयप्रकाश डंडरियाल निवासी घटबगड सल्ट जिला अल्मोड़ा, हरदेव सिंह , प्रदीप सरकार निवासी पीरुमदारा, घनानंद लखेडा निवासी सैनी बिहार पीरुमदारा, शंकर सिंह मनराल निवासी शिवलालपुर रिउनिया , शैलेंद्र शर्मा निवासी जसपुरिया लाइन रामनगर शामिल है उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ अभी और भी जांच की जा रही है तथा रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित की जाएगी।

**स्कूल में भड़की...**हो गयी। सूचना पर दमकल कमियों ने मौके पर पहुंचकर आग को काबू किया। स्कूल प्रबंधक के मुताबिक अग्निकाण्ड में पांच लाख से अधिक का नुकसान पहुंचा है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। फिलहाल नुकसान का आंकलन नहीं हो सका है।

**होटल रिसेप्शनिस्ट की...**कर वरना आपत्तिजनक फोटो वायरल कर दूंगी। उसके बाद शहर व जॉब छोड़ने की भी धमकी दी गई। मृतक आकाश की पत्नी द्वारा आपत्तिजनक अश्लील फोटो वायरल करने से वह बहुत परेशान है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**हादसे में ..**के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। दुर्घटना में घायल व मृतक दोनों ही ग्राम सावल्दे के रहने वाले हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस भी जांच में जुट गई है।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden

CONSTRUCTING HAPPINESS

RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497

# काशी गार्डन

## आवासीय प्लॉट एवं विला

- रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
- 40 एवं 30 फीट की सड़कें
- 4 पार्क
- गेट बंद कॉलोनी
- सीवरेज व्यवस्था
- ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
- 90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा

साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर

86504-18000